करेंगे खाटूश्याम रखवाली

अपने घर में जिसने भक्तों श्याम की ज्योत जगा ली,
करेंगे खाटूश्याम रखवाली,
करेंगे खाटूश्याम रखवाली,
करेंगे खाटूश्याम रखवाली...........

छोड़ के चिंता सारे जग की करले खाटू श्याम की भक्ति,
उसकी हार कभी ना होती ज्योत जहाँ श्री श्याम की जगती,
खाटू श्याम का जो भी दीवाना, उसकी रोज़ दिवाली,
करेंगे खाटूश्याम रखवाली,
करेंगे खाटूश्याम रखवाली,
करेंगे खाटूश्याम रखवाली..........

हारे का ये बने सहारा जिसने शीश झुकाया,
खाटू वाले श्याम धणी ने उसका भाग्य जगाया,
खाटू श्याम के दर पे जो आये, लौटा कभी ना खाली,
करेंगे खाटूश्याम रखवाली,
करेंगे खाटूश्याम रखवाली,
करेंगे खाटूश्याम रखवाली..........

ज्योत जहाँ श्री श्याम की जगती, खुशियों की वहां झड़ियाँ लगती,
आंधी आये तूफां आये, नैया भव से पार है लगती,
सारी खुशियां श्याम के दर से पास्सी केसरी पा ली,
करेंगे खाटूश्याम रखवाली,
करेंगे खाटूश्याम रखवाली,
करेंगे खाटूश्याम रखवाली..........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32170/title/karege-khatushyam-rakhwali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |